तिजारा जैन मंदिर के विकास के लिए 1.69 करोड़ रुपए की मंजूरी

अलवर । राजस्थान के प्रमुख जैन तीर्थस्थलों में शामिल तिजारा स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राज्य सरकार ने मंदिर के विकास कार्यों के लिए 169.79 लाख रुपए (करीब 1 करोड़ 70 लाख रुपए) की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। इस स्वीकृति से मंदिर परिसर में विकास कार्यों को गति मिलने के साथ ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाओं के विस्तार का रास्ता खुलेगा। विधायक बालकनाथ योगी ने कहा कि तिजारा का श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। यह मंदिर केवल तिजारा ही नहीं, बल्कि राजस्थान सहित देशभर के जैन धर्मावलंबियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है।

भरतपुर : उपजिला प्रमुख पद पर कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार विजयी

■ **पंचायतीराज आम चुनाव के तहत गुरुवार को उपजिला प्रमुख पद के लिए जिला परिषद सभागार में मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार 9 मत से विजयी हुए**

भरतपुर (निसं)। पंचायतीराज आम चुनाव के तहत गुरुवार को उपजिला प्रमुख पद के लिए जिला परिषद सभागार में मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार 9 मत से विजयी हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि उपजिला प्रमुख पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार को 20 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा प्रत्याशी दिनेश भातरा को 11 मत मिले। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया निर्धारित निर्वाचन नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप सम्पन्न हुई। भरतपुर में जिला परिषद की राजनीति में कांग्रेस ने अपना दबदबा कायम कर लिया है। जिला प्रमुख के बाद अब उप जिला प्रमुख की कुर्सी पर भी कांग्रेस ने कब्जा जमा लिया है। उप जिला प्रमुख पद पर कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार ने भाजपा प्रत्याशी को हराकर जीत दर्ज की। परिणाम घोषित होते ही कांठोस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं ने बैंड-बाजे की धुन पर नाचकर और नारेबाजी कर जीत का जश्न मनाया। उप जिला प्रमुख पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार ने जीत दर्ज की। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि मतगणना में कांग्रेस प्रत्याशी को 20 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी को 11 वोट प्राप्त हुए। परिणाम घोषित होने के बाद विजेता प्रत्याशी को निर्वाचन प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया।

जीत की घोषणा होते ही जिला परिषद परिसर में कांठोस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ता बैंड-बाजे की धुन पर थिरकते नजर आए। समर्थकों ने नारेबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की। जिला प्रमुख और उप जिला प्रमुख दोनों पदों पर कांठोस की जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में डबल खुशी का माहौल है। नवनिर्वाचित उप जिला प्रमुख राजेश कुमार ने जीत के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह कांठोस पार्टी, जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा, युवा धडकन प्रभारी दिनेशराज मीणा और सभी कांठोस कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होंने इस जीत में मीडिया के सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह चौथे स्तंभ की भी जीत है। वहीं अपनी प्राथमिकताओं को लेकर राजेश कुमार ने कहा कि ठामीण विकास से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। स्वच्छता, शिक्षा सहित जनता से किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ठामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सभी जरूरी काम किए जाएंगे। जिला प्रमुख के बाद उप जिला प्रमुख पद पर भी कांठोस का कब्जा होने से जिले की जिला परिषद में कांठोस का राजनीतिक दबदबा मजबूत हुआ है। अब देखना होगा कि नई टीम ठामीण विकास, स्वच्छता और शिक्षा के क्षेत्र में जनता से किए गए वादों को किस तरह धरातल पर उतारती है।

तीन दिगंबर जैन मुनियों के समाधि मरण पर विनयांजलि सभा

अलवर। तीन दिगंबर जैन मुनियों के समाधि मरण पर श्री दिगंबर जैन अठावाल पंचायत मंदिर, बलजी राठौर की गली में सकल जैन समाज की ओर से विनयांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में समाज के विभिन्न घटकों के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने तीनों मुनिराज के पावन चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सभा में बताया गया कि संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 अक्षय सागर महाराज का 26 नवंबर को शाहपुरा की ओर संघ सहित विहार करते समय अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया। इसी क्रम में आचार्य श्री विनिश्चय सागर महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 अर्पण सागर महाराज का लखनऊ के टिकैत नगर में समतापूर्वक समाधि मरण हुआ। प्रख्यात तपस्वी संत उपाध्याय आदिश सागर महाराज का भी हृदय गति रुकने से समतापूर्वक समाधि मरण हो गया।

सर्विस लेन और टसकोला रोड पर नहीं सुधरे जाम के हालात

पावटा। कस्बे से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली-जयपुर संख्या 48 की सर्विस लेन और टसकोला रोड पर यातायात व्यवस्था बदहाल बनी हुई है। सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन, अवैध पार्किंग, निजी बसों का ठहराव और भारी वाहनों की आवाजाही के चलते दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। हालात ऐसे हैं कि कई बार वाहन चालकों को चंद मीटर की दूरी तय करने में भी काफी समय लग जाता है। सड़क पर वाहनों की कतारें लगने से आमजन, व्यापारी, राहगीर और वाहन चालक लगातार परेशानी झेल रहे हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम नजर नहीं आ रहे है। सर्विस लेन पर छोटे अंडरपास के आसपास निजी वाहन संचालकों द्वारा गाडियां खड़ी कर सवारियां भरने का सिलसिला जारी है। इसके अलावा व्यावसायिक भवनों और दुकानों के सामने सड़क किनारे वाहन आड़े-तिरछे खड़े कर दिए जाते हैं। अवैध पार्किंग के कारण सर्विस लेन का बड़ा हिस्सा वाहनों की चपेट में रहता है और आवागमन के लिए जगह बेहद सीमित रह जाती है। ऐसे में एक वाहन के रुकते ही पीछे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो जाती है। सर्विस लेन पर दोनों तरफ कोटपूतली और शाहपुरा की ओर संचालित जीपों के चालक अपने हिसाब से वाहन खडे कर सवारियां भरते हैं। निर्धारित स्थान की बजाय सड़क पर ही वाहनों को रोकने से यातायात बाधित होता है। कई निजी बसें भी सर्विस लेन पर खड़ी रहती हैं, जिससे सडक की चौड़ाई कम हो जाती है। यातायात नियमों की अनदेखी और मनमाने ढंग से वाहन खड़े करने के चलते यहां जाम लगना रोजमर्रा की समस्या बन चुका है। टसकोला रोड पर भी हालात कम चिंताजनक नहीं हैं। सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही के चलते छोटे वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती।

सांभर से शिफ्ट विभागों को सांसद और विधायक नहीं रोक सके

■ **सारांश यह है कि राज्य सरकार के डिपार्टमेंट को रोकने में भाजपा के तत्कालीन विधायक नाकाम रहे और केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट को रोकने में सांसदों ने कोई रुचि नहीं दिखाई, जबकि भाजपा की केंद्र में सरकार है और भाजपा के ही सांसद थे और आज भी है**

सांभरझील,(निसं)। राज्य सरकार के अधीन आने वाला महत्वपूर्ण डिपार्टमेंट सर्वजनिक निर्माण विभाग का सहायक अभियंता का कार्यालय सांभर उपखंड मुख्यालय से उस वक्त चोमू शिफ्ट कर दिया गया जिस वक्त प्रदेश में उस वक्त भी भाजपा की सरकार और फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से ही भाजपा के विधायक का स्वर्णिम काल था। करीब एक दशक से भी अधिक का समय हो गया। दिखाने के लिए तत्कालीन विधायक ने प्रयास इसलिए किया कि कोई उन्हें इसके लिए दोषी नहीं ठहरा सके। समरथ को नहीं दोष गोसाई, सवाल पूछने की कार्यकर्ताओं की हिम्मत नहीं थी, तो कांग्रेस विपक्ष में रहते हुए अपना रोल नहीं निभा साकी। इसके अभाव में सरकारी बिल्डिंगों की देखरेख व अन्य इससे जुड़े कार्यों के लिए फुलेरा के अधीन सांभर को कर दिया गया। लोग बताते हैं कि यह सारा काम भोले भाले समझे जाने वाले भाजपा के ही एक नेता का है। विपक्ष के लोगों का भी यह मानना है कि इनका मूल उद्देश्य सांभर के वर्चस्व को पूरी तरह से खत्म करने का ही एक काम रहा है। भारत संचार निगम लिमिटेड जो कि केंद्र के अधीन है और सांभर में प्रारंभ से ही रहा है, उसे भी यहां से हटा दिया गया है। अब सारांश यह है कि राज्य सरकार के डिपार्टमेंट को रोकने में भाजपा के तत्कालीन विधायक नाकाम रहे और केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट को रोकने में सांसदों ने कोई रुचि नहीं दिखाई, जबकि भाजपा की केंद्र में सरकार है और भाजपा के ही सांसद थे और आज भी है। सांभर से जो भी डिपार्टमेंट स्थानांतरित करने की चर्चा हो रही है वह भाजपा के शासन में ही होती है यह भी चर्चा अब जोरों पर आम लोगों के बीच भी सुनाई पड़ रही है। अब एक और शिगुफा छोड़ गया है हालांकि आधिकारिक पुष्टि नहीं है, कि क्यों केंद्र सरकार भारतीय डाक विभाग का प्रधान कार्यालय सांभर पोस्ट ऑफिस यानी सांभर का प्रधान मुख्य डाकघर की शक्तियां कम करके वह सारी शक्तियां जयपुर हेड ऑफिस को स्थानांतरित करने जा रही है। सोशल मीडिया पर तो युद्ध स्तर पर अभियान चल रहा है जो जमीनी हकीकत में कहीं नजर नहीं आता है। इस मुद्दे पर भी वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक और सांसद कोई चुप्पी तोड़ने को तैयार नहीं है और वह पुष्टि भी नहीं कर रहे हैं कि क्या वाकई में पोस्ट ऑफिस यहां से काम करने की स्थिति में पहले की तरह रहेगा या सांभर के भाग्य में एक डिपार्टमेंट की ।

गौहर रजा को मिलेगा जुगमंदिर तायल स्मृति सम्मान

अलवर । प्रगतिशील साहित्यकार, शिक्षक एवं सांप्रदायिक सद्भावना के लिए समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता, कवि और प्रोफेसर जुगमंदिर तायल की स्मृति में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में इस वर्ष वैज्ञानिक एवं शायर गौहर रजा को जुगमंदिर तायल स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

यह सम्मान उनके मूल्य, चेतना और विवेक के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। समारोह का आयोजन 27 नवंबर, शुक्रवार को सुबह 11 बजे पुलिस अन्वेषण भवन हॉल में किया जाएगा।

जुगमंदिर तायल फाउंडेशन अलवर की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में देश के जाने-माने इतिहासकार एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली के पूर्व प्रोफेसर आदित्य मुखर्जी तथा इतिहासकार एवं जेएनयू की पूर्व प्रोफेसर मृदुला मुखर्जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार जीवन सिंह मानवी करेंगे।

जितेंद्र सिंह का भाजपा पर खरीद-फरोख्त का आरोप

■ **बोले- पार्षदों को असम, कोलकाता और सिक्किम तक ले गए, एक-दो करोड़ में खरीदने की कोशिश हुई**

अलवर। अर्जुन सिंह ओड के निर्विरोध उप जिला प्रमुख निर्वाचित होने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसे ओड समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सम्मान देने का कदम बताया। उन्होंने कहा कि जिस समाज को अब तक राजनीति में पर्याप्त भागीदारी नहीं मिली, कांठोस ने उसे यह अवसर देकर सम्मानित किया है।

जितेंद्र सिंह ने पंचायत चुनाव के दौरान भाजपा पर खरीद-फरोख्त और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांठोस के जिला परिषद सदस्यों को असम, कोलकाता और सिक्किम तक ले जाया गया। उन्हें एक-दो करोड़ रुपये में खरीदने की कोशिश की गई, लेकिन कांठोस के पार्षदों ने जनता के वोट का सौदा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि तिजारा में प्रत्याशी इमरान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई और पार्षदों पर विभागीय कार्रवाई का दबाव बनाया गया। सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था को ठप कर दिया है। कांठोस पंचायतों और जिला परिषद को मजबूत कर विकास कार्यों को गति देगी।पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अलवर जिला प्रमुख चुनाव के दौरान कथित खरीद-फरोख्त और पार्षदों को अगवा करने के आरोपों की जांच कराने की बात भी कही। उन्होंने लाल डायरी का जिक्र करते हुए कहा कि तानाशाही की जितनी हदें पार की जा रही हैं, वे सब इसमें नोट हो रही हैं।



अर्जुन सिंह ओड के उप जिला प्रमुख निर्वाचित होने पर भव्य स्वागत सम्मान किया।

नशा मुक्त भारत का दिया संदेश

टोंक। संविधान दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय मालपुरा में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत टोंक द्वारा 'विकसित भारत युवा संवाद' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य थीम 'विकसित भारत 2047' रही। इसका उद्देश्य युवाओं को भारत की विकास यात्रा से परिचित कराना, राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना तथा एक सशक्त, समृद्ध एवं नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा।

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री महावीर नेहरा पुत्र श्री जीवनसिंह नेहरा, निवासी- 1044, रानी सती नगर, जयपुर ने एक भूखण्ड संख्या 1140, रानी सती नगर, मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास, जयपुर को खरीदने का श्री अशोक कुमार वर्मा से सौदा तय किया है अगर किसी भी व्यक्ति, संस्था को किसी तरह की कोई आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी तरह की कोई उजरदारी स्वीकार्य नहीं होगी।

(हीराराम चौधरी) एडवोकेट मो.नं.-9414297709

उत्तर पश्चिम रेलवे

रद्दीकरण सूचना

डी.आर.एम./कर्षण वितरण, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मडंल की ओर से ई-निविदा संख्या : 10-TRD-JU-ETENDER-26-27 कार्य का नाम : "Reliability Enhancement and Performance Restoration of Control & Relay Panels of 1x25 kV AC Traction System over Jodhpur Division." निविदा खुलने की तारीख : 11.12.2026 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है। For detailed information visit http://www.ireps.gov.in 1684-DI/26

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

आज होगा पंचायत समिति प्रधान का निर्वाचन

पावटा। पंचायत आम चुनाव 2026 के अंतर्गत जिले की समस्त 8 पंचायत समितियों के प्रधान एवं उप प्रधान का निर्वाचन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी सोहन सिंह नरुका ने बताया कि पंचायत समिति प्रधान का निर्वाचन 27 नवंबर तथा उप प्रधान का निर्वाचन 28 नवंबर को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति प्रधान एवं उप प्रधान के निर्वाचन के लिए संबंधित निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों की निर्धारित तिथि पर बैठक पंचायत समिति सभागार भवनों में प्रात: 10 बजे से आयोजित होगी। प्रधान के लिए 27 नवंबर को तथा उप प्रधान के निर्वाचन के लिए 28 नवंबर को नाम निर्देशन पत्र प्रात: 11 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रभावी प्रयास करें : जिला प्रभारी

■ **अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

भरतपुर (निसं)। सचिव वाणिज्यकर एवं जिला प्रभारी सचिव आनंदी ने कहा की एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी विभाग समन्वित प्रयास करते हुए सीएक्यूए के मानकों की पालना के लिए सुधारात्मक कदम उठाएं।

जिला प्रभारी सचिव गुरुवार को जिले में वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रबंधों का निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों की बैठक ले रहीं थी। उन्होंने सर्किट हाउस में जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों से प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की तथा सीएक्यूएम के निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण की रोकथाम प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रदूषण नियंत्रण के निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रदूषण के कारकों की पहचान कर उनकी रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने तथा संबंधित व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप धरातल पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सीएक्यूए द्वारा प्रदूषण मानकों के लिए विभागों को जारी किए गए निर्देशों एवं पालना के लिए विभागों द्वारा बनाई गई कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नगर निगम, बीडीए निर्माण कार्यों पर प्रदूषण कम करने लिए पानी का छिड़काव एवं अन्य उपायों को पालना करें। उन्होंने प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर निगरानी के लिए पेट्रोल पंप पर कैमरे लगाने का कार्य 15 दिसंबर तक पूरे करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को परिवर्तन स्कीम के तहत बीएस 5 से कम मानकों के वाहन स्वामियों से सम्पर्क कर स्क्रैप योजना एवं वाहन बदलने की योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षितठास्त सड़कों की मरम्मत संबंधित विभाग समय पर कराएं। नगर निगम वैक्यूम मशीन, एंटी स्मॉगन, वॉटर स्प्रिंकलर मशीनों का निरंतर प्रयोग करें। प्रदूषण को रोकने के साथ ही शहर में हरितमा को बढ़ाने के लिए व्यापक प्लान बनाकर कार्य करें। उन्होंने कृषि विभाग को फसलों के अवशेष जलाने वाले किसानों को रोकने के लिए कस्टम हायरिंग सेंटर अधिक से अधिक खोलने के लिए जीएसएस के माध्यम से तथा व्यक्तिगत किसानों को भी प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि, परिवहन, नगर निगम, सार्वजनिक निर्माण विभाग, बीडीए एवं प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य योजना बनाकर विंटर एक्शन प्लान तथा त्रैमासिक एक्शन प्लान बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने नगर निगम द्वारा कचरा निस्तारण के लिये नोंह कचरा निस्तारण प्लांट में मौका निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों में प्रदूषण की रोकथाम के लिये किये जा रहे कार्यों तथा मल्टीपरपज स्कूल में प्रदूषण जांच यंत्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर कमर चौधरी, बीडीए आयुक्त कनिष्क कटारिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राहुल सैनी, नगर निगम आयुक्त श्रवण बिश्नोई, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के आरएम उमेश कुमार सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक नही होने से पार्षदों ने अधिकारी को सौंपा

टोंक । उनियारा नगर पालिका में दो माह से बोर्ड बैठक नहीं बुलाने और कामकाज में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जल्द बैठक बुलाने और नियमों के अनुसार नगर पालिका चलाने की मांग की। ज्ञापन में पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका अध्यक्ष ने दो माह से अधिक समय से बोर्ड बैठक नहीं बुलाई है। बैठक नहीं होने से अलग-अलग वार्डों की जनसमस्याओं, विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पा रही है। पार्षदों का कहना है कि उन्हें अपने क्षेत्र की समस्याएं रखने का मौका नहीं मिल रहा।पार्षदों ने नगर पालिका के विकास और निर्माण कार्यों के साथ टेंडर प्रक्रिया की जानकारी में कमी का आरोप भी लगाया। उनका कहना है कि बोर्ड बैठक के बिना फैसले लेने से नगर पालिका की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर असर पड़ रहा है। पार्षदों ने मांग की कि जरूरी फैसले बोर्ड की मंजूरी और तय नियमों के तहत लिए जाएं। सभी पार्षदों को अपने वार्ड की समस्याएं और विकास प्रस्ताव रखने का मौका दिया जाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का कामकाज सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और जनहित के आधार पर होना चाहिए, न कि किसी एक व्यक्ति की मनमर्जी से।

आम-सूचना सूचित किया जाता है कि मकान नंबर 19, संतोष सागर कॉलोनी, नियर शेखावत कॉलोनी, सिरसी रोड, मीनावाला जयपुर-302034 जो कि मेरे मुवक्किलगण के स्व. पिता श्री दीनदयाल जयसवाल पुत्र स्व. श्री जयश्री जयसवाल के स्वर्गवास के पश्चात् उक्त संपत्ति के मालिक स्वामी काबिज अधिकारी उनके पुत्रान् महेन्द्र कुमार जयसवाल (आ.नं 8838-6253-9776), धर्मेन्द्र कुमार जयसवाल (आ.नं 4719-0390-2704) व उमेद जैसवाल (आ.न 3351-3800-4467) बन चुके हैं, जो उक्त संपत्ति के संबंध मे किसी भी व्यक्ति व संस्था इत्यादि के नाम रहन, तिक्रय, बख्शीश, इकरार व हस्तांतरित इत्यादि करने के समस्त अधिकारी मालिकाना आधिपत्य सहित प्राप्त रखते हैं। उक्त मकान मेरे मुवक्किलगण विक्रय करना चाहते है, यदि उक्त मकान के संबंध मे किसी भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की किसी भी रूप मे कोई आपत्ति, उज्र हो तो मय सबूत मुझसे व मेरे मुवक्किलगण से सात दिन की अवधि मे संपर्क करे, उक्त अवधि समाप्ति पश्चात आपत्ति अमान्य व शून्य होगी।

जयपुर (गोकुल नारायण अग्रवाल) एडवोकेट
दिनांक 26.11.26 मो.-9828342122

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक-4776 दिनांक-20/11/26

जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 10/12 (MIG-A), (एरिया 90.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री कैलाश नारायण मंगल पुत्र श्री पांतुताल जी मंगल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 802 दिनांक 30.05.2000 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 1370 दिनांक 30.06.2000 को जारी किया गया। श्री कैलाश नारायण मंगल के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 26.12.2007 को उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री कैलाश नारायण मंगल की मृत्यु दिनांक 23.09.2020 को हो जाने के कारण पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर इनकी पत्नी श्रीमती मनस्वी मंगल पुत्री स्व. श्री महेन्द्र मंगल द्वारा उक्त आवास को स्वय के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती मनस्वी मंगल पुत्री स्व. श्री महेन्द्र मंगल का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

NAME CHANGE

I Babita spouse of JC-315321N Nb Sub Vikaram Singh R/o Ashok Nagar (Vill), Sonasar (PO), Malsisar (Tk), Jhunjhunu (Dist) Rajasthan- 333011 have changed my Name from Babita to Babita Kumari as per Aadhar Card No 989008649418 and vide affidavit no. 803692 dated- 7-10-2026 at Jhunjhunu.

I Zulfiker Ali Shaikh S/o Bakiotulla Shaikh R/o B-9 Munawara masjid Nahri ka naka Jaipur Declare that in some of my Documents my name is wrongly entered as Bikram Rarja and Bikram Raja and B.Raja S/o Bakio tullask. My correct name is Zulfiker Ali Shaikh. vide affidavit 26.11.2026 Jaipur

''जिला प्रमुख चुनावों में कांग्रेस की जीत जनता के आक्रोश का परिणाम''

अलवर । राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने जिला प्रमुख पदों पर विजय प्राप्त करने वाले कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने विशेष रूप से अलवर में कांग्रेस की अनीता मीणा के जिला प्रमुख निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। जूली ने कहा कि अलवर में कांग्रेस की यह जीत हम सभी कांग्रेसजनों की जीत है। मैं स्वयं जिला प्रमुख के रूप में कार्य कर चुका हूं, इसलिए इस पद की जिम्मेदारियों और ग्रामीण विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को भली-भांति समझता हूं।

स्वस्थ जीवनशैली का संदेश

अलवर, । जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय मत्स्य उत्सव के दूसरे दिन आज नेहरू गार्डन से प्रताप बंध नाका तक साइकिल रैली (साइक्लोथॉन) का आयोजन, आरआर कॉलेज में मेहंदी-पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता व मूविंग कलाकारों द्वारा श्री भर्तृहरि नाटिका का प्रदर्शन एवं नंगली सर्किल पर मेहन्दी उत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें सभी आयुवर्ग के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।जिला कलक्टर ने डॉ. आर्तिका शुक्ला ने समस्त जिलेवासियों से मत्स्य उत्सव में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाते हुए आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति कार्यक्रमों में सहभागिता की अपील की है।

नम्बर मिलाइए 8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

उप जिला प्रमुख पद पर मुकेश निर्वाचित, 21 मत से जीत दर्ज की

■ **रिटर्निंग अधिकारी (कलक्टर) ने नवनिर्वाचित उप जिला प्रमुख को दिलाई शपथ**

सवाई माधोपुर । जिला परिषद सवाई माधोपुर में गुरुवार को उप जिला प्रमुख पद का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी मुकेश को 25 मत प्राप्त हुए, जबकि भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कालूराम गुर्जर को 4 मत मिले। इस प्रकार इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी मुकेश 21 मत से जीत दर्ज कर, उप जिला प्रमुख पद पर निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) काना राम ने नवनिर्वाचित उप जिला प्रमुख मुकेश को शपथ दिलाई तथा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर गंगापुर सिटी सुदर्शन सिंह तोमर, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



सवाई माधोपुर में उप जिला प्रमुख पद पर मुकेश निर्वाचित होने पर निर्वाचन अधिकारी ने प्रमाण पत्र सौंपा।

दो आरोपी गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशन में चलाये जा रहे अपराधियों की धरपकड विशेष अभियान के तहत घाड थानाधिकारी हरिराम वर्मा के नेतृत्व में गठित थाना टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए थाने मे दर्ज एनडीपीएस एक्ट में 6 साल से फरार वांछित इनामी आरोपी जे.के. महेश विकासशील कनकम उमा महेश पुत्र कनकम लक्ष्मण विकासशील कनकम कृपारवु उम्र 34 साल निवासी प्लांट नंबर 46 जे आई सी कॉलोनी येलेंदु जिला भद्रादी तेलगांना जिस पर 15 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। जिसको पुलिस ने तकनीकी विशेषज्ञो के सहयोग तथा एंव हैदराबाद जेल से गिरफ्तार कर थाना लाकर प्रकरण में अनुसंधान किया जाकर बाद आज न्यायालय टोंक में पेश किया जाएगा।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 271/2026

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्रीमती संतोष देवी पत्नी श्री मुकेश चंद निवासी बिलोची का कुआ, अलवर जिला अलवर राजस्थान ने सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत महिला अधिकार एवं विकास फाउंडेशन ट्रस्ट गणपति विहार तिजारा फाटक हनुमान जी के मंदिर के पास अलवर राज के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां